केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान में स्वच्छ भारत अभियान का आयोजन

माननीय प्रधानमंत्री द्वारा स्वच्छता अभियान के आहवान के अन्तर्गत केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान में दिनांक 2 अक्टूबर, 2014 महात्मा गॉधी के जन्म दिवस के अवसर पर संस्थान निदेशक के द्वारा संस्थान के समस्त कर्मचारियों को स्वच्छता हेतु शपथ दिलाई गई तथा उन्होने इस अवसर पर महात्मा गॉधी द्वारा अहिंसा के माध्यम से भारत वर्ष को स्वतंत्रता दिलाने में किये गये अथक प्रयासों का उल्लेख किया एवं उन सभी महान देश भक्तों को भी याद किया जिन्होनें देश को स्वतंत्रता दिलाने में प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से अपना योगदान दिया था। उन्होने कहा कि गॉधी जी भी स्वयं अपने आश्रम की साफ–सफाई किया करते थे। अतः हम सभी का यह उत्तरदायित्व बनता है कि हम अपने कार्यालय, परिसर तथा अपने घर के आस–पास की स्वच्छता का ध्यान रखते हुए नियमित रूप से सफाई का कार्य करें और अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान के बारे में जागृत करें। निदेशक महोदय ने अपने सम्बोधन में कहा कि स्वच्छता किसी भी व्यक्ति, समाज एवं देश का आयना होती है। हमारे प्रधानमंत्री जी का स्वच्छ भारत अभियान निशिचित ही देश में स्वच्छता बनाये रखने में सकारात्मक परिवर्तन लायेगा। तत्पश्चात निदेशक महोदय के निर्देशन में संस्थान के मुख्य द्वार से प्रयोगशाला परिसर तथा पार्क इत्यादि का संस्थान के समस्त कर्मियों ने सफाई का कार्य सम्पन्न किया तथा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया संस्थान में प्रत्येक शनिवार के दिन अपराहन 3–5 बजे तक सफाई अभियान संस्थान एवं आवसीय परिसर इत्यादि के आस–पास किया जायेगा। इस अवसर पर संस्थान निदेशक डा. सुधीर कुमार अग्रवाल, समस्त विभागाध्यक्ष, वैज्ञानिकों, अनुभाग प्रभारियों, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, वित एवं लेखा अधिकारी, तकनीकी वर्ग के अधिकारियों व अन्य सभी कर्मचारियों ने स्वच्छ भारत अभियान में सक्रिय रूप से सहभागिता की।

केन्द्रीय बकरी अनुसन्धान संस्थान
CENTRAL INSTITUTE FOR RESEARCH ON GOATS
स्वच्छ भारत
स्वच्छ सी. आई. आर. जी.
हरित सी. आई. आर. जी.

स्वच्छ भारत
स्वच्छ सी. आई. आर. जी.
हरित सी. आई. आर. जी.

' स्वच्छ भारत अभियान ' स्वच्छ हमारा संस्थान
केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान,
मखदूम, पो. फरह, मथुरा (उ.प्र.)
C.I.R.G.
ICAR
स्वच्छ भारत

शालिहोत्र
HOSTEL